संख्या- 1/70/52-2-2014-2(281)/2014

प्रेषक

डा0 देवेश चतुर्वेदी
प्रमुख सचिव
उ0प्र0 शासन ।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण,उ0प्र0
लखनऊ ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 22 जनवरी, 2014

विषय: अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय में उप निदेशक के पद को उच्चीकृत कर संयुक्त निदेशक का पद सृजित किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय,उ0प्र0 के लिये अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-2 के पत्र संख्या- 1179/52-2-97-2(162)/97 दिनांक 18 सितम्बर, 1997 द्वारा निम्नवत् पद सृजित किये गये है:-

क्रमांक	पदों का नाम	पद की संख्या	वेतनमान
1	संयुक्त निदेशक	01	रू0 3700-125-4700-150-5000/- पुनरीक्षित रू0 15600-39100, ग्रेड पे-7600/-
2	उप निदेशक	01	रू0 3000-100-3500-125-4500/- पुनरीक्षित रू0 15600-39100, ग्रेड पे-6600/-

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त शासनादेश के क्रम में उक्त तालिका के क्रमांक-2 पर अंकित उप निदेशक ग्रेड पे-6600/- के पद को, उच्चीकृत कर संयुक्त निदेशक ग्रेड पे-7600/- स्तर का पद सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

3. उपरोक्त पद पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013-2014 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या-48 के लेखाशीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-001-निदेशक तथा प्रशासन-आयोजनेत्तर-03-अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय के नामे डाला जायेगा।

4. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-यू0ओ0-ई-11-130/दस-2014, दिनांक 20.01.14 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है ।

भवदीय,

(डा0 देवेश चतुर्वेदी)
प्रमुख सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 70(1)/52-2-2014-2(281)/2014, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2. सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग, उ0प्र0 शासन ।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4. सर्वे आयुक्त, वक्फ,उ0प्र0, लखनऊ ।
5. प्रशासक, उ0प्र0 शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ ।
6. अध्यक्ष, उ0प्र0 सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ ।
7. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग,उ0प्र0 शासन को प्रमुख सचिव महोदय के सूचनार्थ ।
8. अल्पसंख्यक कल्याण अनुभाग-1/3/4, उ0प्र0 शासन ।
9. गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(धर्मराज सिंह)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in